# वर्ल्ड चैम्पियनशिप साउथ अफ्रीका हेतु मंदसौर के तैराक का चयन

- मंदसौर का खेल जगत में स्वर्णिम इतिहास
- बायथले-ट्रायथले वर्ल्ड चैम्पियनशिप साउथ अफ्रीका में दिखाएगा मंदसौर का दम
- छोटे शहर की बड़ी उड़ान- मंदसौर के खिलाड़ी पहुंचे अंतरराष्ट्रीय मंच पर



**मंदसौर।** खेल जगत के लिए आज का दिन ऐतिहासिक बन गया, जब मंदसौर के उभरते सितारे आरव निलेश बाफना का चयन वर्ल्ड चौम्पियनशिप साऊथ अफ्रीका के लिए हुआ। मॉडर्न पेंटाथलॉन की प्रतिष्ठित श्रेणियों बायथले व ट्रायथले में यह खिलाड़ी टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करेंगे और 4 दिसम्बर को उड़ान भरेंगे। यह प्रतियोगिता 7 से 13 दिसम्बर तक आयोजित होना है। यह उपलब्धि न केवल मंदसौर बल्कि मध्यप्रदेश और देश के लिए गर्व का क्षण है।

मध्यप्रदेश मॉडर्न पेंटाथलॉन के जनरल सेक्रेटरी सुनील भारती ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों ने लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने का सुनहरा अवसर अर्जित किया है। इस उपलब्धि पर अदिति गर्ग कलेक्टर मंदसौर, प्रभु , सुधा , आयुष , निलेश , समीर , अभिषेक , रोहित ने शुभकामनाएं देते हुए आरव बाफना के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## मैत्री फुटबॉल मैच का आयोजन किया , 2-2 से मुकाबला बराबरी पर रहा



**मंदसौर।** जिला फुटबॉल संघ, मंदसौर द्वारा दिवंगत फुटबॉल खिलाड़ी गौरव गिरवाल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 6-साइडर टूर्नामेंट की पूर्व संध्या पर एक मैत्री फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया, जिसमें जिला फुटबॉल संघ के सदस्यों और जूनियर खिलाड़ियों की टीमों के बीच एक मैत्री फुटबॉल मैच खेला गया। मैच से पूर्व सभी ने स्वर्गीय गौरव गिरवाल के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि दी। इस मैच में अतिथि के रूप में स्व. गौरव गिरवाल की माताजी श्रीमती तेजकुंवर गिरवाल और जिला फुटबॉल संघ के पूर्व सचिव श्री राघवेंद्र सिंह तोमर उपस्थित रहे। अतिथियों ने टॉस करवा कर मैच को शुरू करवाया।

इस मैत्री मैच में दोनों ही टीमों के खिलाड़ी एक दूसरे पर हावी होने का प्रयास करते रहे। जहां जिला फुटबॉल संघ की टीम में वरिष्ठ खिलाड़ियों ने अपने अनुभव का परिचय दिया, वही जूनियर खिलाड़ियों की टीम ने अपने तेज तर्रार खेल का प्रदर्शन किया। हॉफ टाइम तक दोनों ही टीमें 1-1 गोल की बराबरी पर रही। दूसरे हॉफ में भी दोनों टीमों ने एक दूसरे पर 1-1 गोल और मर कर गोल स्कोर 2-2 कर लिया जो अंत तक कायम रहा। इस तरह यह मैत्री मैच 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ।

इस आयोजन में जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष बाबू गुर्जर, सचिव विपिन शर्मा, उपाध्यक्ष ईश्वर सिंह चौहान, सहसचिव गोरधन सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह, अक्षय शर्मा, दीपक शर्मा, कमल कंडारे, राकेश श्रीवास्तव, अंशुल शर्मा, सचिन काले, प्रतीक रोखले आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### 'संस्कार वह धरोहर हैं जो जीवन को सुंदर बनाती हैं : रत्नेश कुदार



**मन्दसौर।** लायंस क्लब मंदसौर द्वारा क्लब के ध्येय वाक्य ''हम सेवा करते है'' के तहत संस्कार सप्ताह का आयोजन 20 से 26 नवम्बर तक किया गया। जिसके तहत अनेक सेवा प्रकल्प क्लब द्वारा आयोजित किये गये वहीं विद्यालयों में बच्चों को भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों से भी अवगत कराया। इसी कड़ी में क्लब ने शासकीय प्राथमिक विद्यालय कालाखेत मंदसौर में स्कूल के बच्चों के लिये एक 'संस्कार निर्माण शिविर' का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय संस्कृति, सरल आचार-व्यवहार एवं अच्छे संस्कारों की अहमियत पर बच्चों को समझाया गया। इसके साथ ही, क्लब सदस्य एवं क्लब के संरक्षक डॉ. कमलेश पमनानी एवं उनके परिवार की ओर से बच्चों को 40 स्वेटर वितरण भी किया गया, ताकि ठंड के मौसम में उन्हें राहत मिल सके। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष रत्नेश कुदार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कार ही जीवन की असली दौलत हैं, और वर्तमान समय में संस्कारों की दिशा में कदम बढ़ाना समाज के लिए आवश्यक है। आने वाली पीढ़ी हमारी संस्कृति व संस्कारों से दूर होती जा रही है। मानवीय मूल्यों को बचाने के लिये उन्हें संस्कार से जोड़े रखना आवश्यक है। कार्यक्रम में जोन चेयरपर्सन डॉ. मजहर हुसैन, एम.जे.एफ. सुभाष बग्गा, गौरव रत्नावत सहित क्लब सदस्य व विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। संचालन डॉ. देवेंन्द्र पुराणिक ने किया एवं आभार क्लब सचिव डॉ. विक्रांत भावसार ने माना।

### कलेक्टर ने किया बाल विवाह रोकथाम जागरूकता के 100 दिवसीय अभियान का शुभारम्भ



**नीमच।** जिले में बाल विवाह के विरुद्ध जन जागरूकता के लिए 100 दिवसीय अभियान का शुभारम्भ नीमच में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव द्वारा कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम जिला कार्यक्रम अधिकारी म.बा.वि. सुश्री अंकिता पंड्या ने पीपीटी के माध्यम से हस्र ।।स् अनुसार जिले में बाल विवाह की स्थिति, रिपोर्ट, विभागीय रणनीति व 03 चरणों में अभियान 08 मार्च तक आयोजित करने संबंधी जानकारी दी। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने 100 दिवसीय अभियान के दौरान वॉलेंटियर का चयन समस्त ग्रामों में करने, शोर्यादल की सक्रियता बढ़ाने, समस्त विद्यालयों व महाविद्यालयों में जागरूकता गतिविधि करने, शिक्षकों का उन्मुखीकरण करने, बाल विवाह रोकथाम हेतु बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरपंच, सचिव व अन्य ग्राम स्तरीय अमले को को सम्मानित करने, चाईल्ड हेल्पलाइन के अलावा बाल विवाह की सूचना के लिए जिला स्तर पर पृथक से हेल्पलाइन नंबर जारी करने, वास्तविक स्थिति आकलन हेतु सर्वे करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस.एम.मांगरिया, लीड कॉलेज प्राचार्य श्री प्रशांत मिश्रा, सहायक संचालक श्री वैभव बैरागी सहित सभी परियोजना अधिकारी एवं विभागीय अमला उपस्थित था।

### सेवादल का ध्वजारोहण कार्यक्रम रविवार को, बैठक संपन्न

**नीमच।** कांग्रेस सेवादल जिला नीमच द्वारा 30 नवंबर को इस माह के आखिरी रविवार को राष्ट्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत जिला कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन नीमच पर प्रातः 10:30 बजे कांग्रेस पार्टी का ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सेवादल के जिला अध्यक्ष गजेंद्रसिंह यादव (ठेकेदार) ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई, सेवादल के महाराष्ट्र प्रभारी योगेशजी यादव व सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अवनीशजी भार्गव द्वारा यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर घोषित किया गया है, जो प्रत्येक माह के आखिरी रविवार को आयोजित किया जा रहा है। नीमच जिला मुख्यालय पर पार्टी के ध्वजारोहण की जिम्मेदारी सेवादल को सौंपी गई है। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी से जुड़े तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित होंगे। इस आयोजन को लेकर सेवादल की बैठक गुरुवार को दोपहर में स्थानीय गांधी वाटिका परिसर में संपन्न हुई, जिसमें जिलाअध्यक्ष द्वारा पदाधिकारीयों को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष इलियास कुरैशी, संगठन मंत्री जावेद दुर्रानी, महिला संगठन जिला अध्यक्ष बेबी मेहरा, नीमच शहर ब्लॉक अध्यक्ष भुवान सिंह राजपूत, महिला संगठन ब्लॉक अध्यक्ष संमिदा मिर्जा, शिवहरे आदि उपस्थित थे।




## संविधान दिवस पर महाविद्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित

**पिपलियामण्डी।** शासकीय महाविद्यालय पिपलियामंडी में संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. आर.के.डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय संविधान हमारे लोकतंत्र की रीढ़ है। उन्होंने विद्यार्थियों को संविधान में निहित न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मूल्यों को व्यवहार में लाने की प्रेरणा दी। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से संविधान की उद्देशिका सामूहिक रूप से पढ़ने और उसका पालन करने का आव्हान किया। प्रमुख वक्ता राजनीति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ. गोविंद तंवर ने संविधान की विशेषताओं, मौलिक अधिकारों, मूल संरचना सिद्धांत तथा प्रस्तावना पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संविधान केवल अधिकार ही नहीं देता, बल्कि कर्तव्यों का पालन करने की भी समान रूप से अपेक्षा करता है। सह-वक्ता प्रो. डी.सी. बोरीवाल ने संविधान निर्माण की प्रक्रिया, संविधान सभा की भूमिका एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान पर विस्तार से जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान विविधता में एकता का सर्वोत्तम उदाहरण है। प्रो. निशा जटिया ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन करवाया। संचालन डॉ. चंद्रकला चौहान ने किया व संविधान दिवस के इतिहास और महत्व पर जानकारी दी।

## कम्प्यूटर टैली एवं बकरी पालन संबंधी प्रशिक्षण के लिए पंजीयन प्रारंभ

**नीमच।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नीमच द्वारा 5 दिसंबर 2025 से कम्प्युटर टैली का नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम भी प्रारंभ हो रहा है। प्रवेश पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण का लाभ केवल नीमच जिले के ग्रामीण अंचल की युवक, युवतियां जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के बीच हो, को मिलेगा। इस 38 दिवसीय प्रशिक्षण में इच्छुक प्रशिक्षणार्थीयों के ऋण के फार्म भी प्रशिक्षण केंद्र पर ही भरे जाएंगे। बैंकिग संबंधी सभी जानकारीयां एवं समस्याओं का समाधान भी किया जायेगा। विस्तृत जानकारी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नीमच से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही 10 दिसंबर 2025 से बकरी पालन का नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। जिसके लिए पंजीयन प्रारंभ हो गये है।

## छात्रों ने रेलवे तकनीक का व्यावहारिक प्रशिक्षण लिया



**मंदसौर।** मंदसौर विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा प्रथम वर्ष बी.टेक और डिप्लोमा विद्यार्थियों के लिए डीजल लोकोमोटिव शेड, रतलाम (पश्चिम रेलवे) में एक दिवसीय औद्योगिक यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरे का उद्देश्य छात्रों को भारतीय रेलवे में उपयोग होने वाली डीज़ल एवं इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव तकनीक, उनके संचालन और रखरखाव की वास्तविक जानकारी से अवगत कराना था, ताकि वे कक्षा में सीखे सिद्धांतों को उद्योग से जोड़ सकें।

कुलपति डॉ. राजीव आर. ठाकुर ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि उद्योग आधारित शिक्षा भविष्य के इंजीनियरों की नींव को मजबूत करती है। उन्होंने कहा कि रेलवे जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में प्रत्यक्ष अनुभव छात्रों के तकनीकी विकास, आत्मविश्वास और रोजगार-उन्मुख कौशल को बढ़ाता है।

इस औद्योगिक यात्रा में कुल 30 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें 19 छात्र इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के तथा 11 छात्र मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के थे। डीज़ल ट्रैक्शन ट्रेनिंग सेंटर, रतलाम के प्रधान श्री शैलेन्द्र झा और उनकी तकनीकी टीम ने विद्यार्थियों का स्वागत किया तथा डब्लूडीएम-2 डीज़ल लोकोमोटिव के विभिन्न घटकों और उसकी कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। छात्रों ने थर्मोडायनामिक्स, आंतरिक दहन इंजन तथा इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम का वास्तविक उपयोग प्रत्यक्ष रूप से देखा और समझा।

इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र जैन ने कहा कि यह यात्रा छात्रों को उद्योग से जुड़े वास्तविक अनुभव प्रदान कर उनके तकनीकी कौशल को और अधिक सशक्त बनाती है। वह मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ. कमल ओझा ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में तकनीकी अनुसंधान और नवाचार के प्रति उत्साह को बढ़ावा देते हैं। इस यात्रा को सफल बनाने में सहायक प्रोफेसर संजीव सिंह चौहान, कपिल बडोलिया और राहुल परमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यार्थियों ने इस औद्योगिक दौरे को अत्यंत ज्ञानवर्धक बताते हुए कहा कि रेलवे प्रणाली की जटिल प्रक्रियाओं, लोकोमोटिव संचालन और रखरखाव को करीब से देखने से उनकी तकनीकी समझ में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

## पेंशनर संगठनों के प्रांतीय आव्हान पर ज्ञापन दिया



**मन्दसौर।** प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन के प्रांतीय आव्हान पर भारत पेंशनर समाज के जिलाध्यक्ष पं. गोपालकृष्ण शर्मा, प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सतीश नागर, मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल पेंशनर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष खूबचंद शर्मा के नेतृत्व में संयुक्त रूप से मुख्यमंत्रीजी के नाम 12 सूत्रीय ज्ञापन कलेक्टर मंदसौर के प्रतिनिधि सुश्री प्रियंका मिमरोट नायब तहसीलदार को प्रदेश के पेंशनरों की मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन का वाचन महामंत्री इंजीनियर सुनील व्यास द्वारा किया गया। ज्ञापन में प्रमुख मांगों में जुलाई 2025 से दो प्रतिशत महंगाई राहत केन्द्रीय तिथि से स्वीकृत करने, जनवरी 2025 से अगस्त 2025 तक का 3 प्रतिशत महंगाई राहत का एरियर भुगतान करने, म.प्र./छ.ग. पुनर्गठन अधिनियम 2000 की पेंशनर विरोधी धारा 49(6) को समाप्त करने, 30 जून व 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त पेंशनरों के न्यायालयीन प्रकरणों का लाभ देने एवं जो लोग न्यायालय में नहीं गये है उन्हें जिला स्तर पर स्वीकृति कर लाभ दिया जाने, शासन निर्देशानुसार एवं माननीय न्यायालय के निर्णयों के आलोक में शिक्षक व सहायक शिक्षकों को चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ 35 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर देने, कम्युटेशन राशी की वसूली की अवधि 15 वर्ष के स्थान पर 10 माह, 8 माह करने, पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने, जिला स्तर पर पेंशन फोरम की बैठक कलेक्टर महोदय की अध्यक्षता में आयोजित करने, छठवें वेतनमान का 01.01.2006 से 31.08.2008 का 32 माह का एवं सातवें वेतनमान का 27 माह का एरियर भुगतान करने, सेवानिवृत्ति के 65 वर्ष पर 5 प्रतिशत, 70 वर्ष पर 10 प्रतिशत व 75 वर्ष पर 15 प्रतिशत एवं 80 वर्ष पर 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन देने एवं अन्य कई मांगों का ज्ञापन में उल्लेख किया गया है।

ज्ञापन देते वक्त राजेन्द्रसिंह चौहान, गोविन्दसिंह पंवार, नंदकिशोर राठौर, ओमप्रकाश मिश्रा, कन्हैयालाल भावसार, सज्जनसिंह चौहान, भूपेन्द्र तिवारी, कैलाश उपाध्याय, रतनसिंह राठौर, हेमराज खाबिया, राजेन्द्रसिंह चौधरी, प्रभुलाल कुमावत, पारसमल जैन, शैलेन्द्र गुप्ता, अम्बालाल चन्द्रावत, जगदीशचन्द्र सोनी, जी.पी. नागर, एच.सी. बोराना, निरंजन भारद्वाज, प्रभुलाल कंठाली, सुभाष गुप्ता, मोतीलाल परमार, हुकुमचन्द सांखला, सुरेशचन्द्र व्यास, मोतीलाल परमार, प्रकाश पटवारी, नरेन्द्र रावत, मानसिंह शक्तावत, कैलाशचन्द्र पाण्डे, एस.एन. श्रीवास्तव, दिलीप काले, सुरेश व्यास आदि जिले से आये अनेक पेंशनर्स उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन कन्हैयालाल भावसार ने माना। उक्त जानकारी जिलाध्यक्ष सतीश नागर द्वारा दी गई।

## डोडाचूरा की तस्करी के आरोपी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक लाख का अर्थदण्ड

**नीमच।** जिला लोक अभियोजक कार्यालय मिडिया प्रभारी एडवोकेट अली असगर ने बताया घटना इस प्रकार है कि दिनांक 02.02.2019 को चेनसिंह सोलंकी थाना जीरन पर सउनि के पद पर पदस्थ था। उक्त दिनांक को दिनांक को उसे विश्वसनीय मुखबिर ने थाना उपस्थित होकर सूचना दी कि ग्राम कुचड़ोद तरफ से एक व्यक्ति सिल्वर कलर की मारुति स्विफ्ट डिजायर जिस पर आर.जे. 24 सी.ए. 4622 की नंबर प्लेट लगी है, में अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा भरा हुआ है को लेकर आने वाला है, उक्त डोडाचुरा को मल्हारगढ़ तरफ से भरकर राजस्थान की तरफ किसी तस्कर को देने जाने वाला है, यदि तत्काल दबिश दी जाये तो सफलता मिल सकती है। जिस पर कार्यवाही करते हुए मुखबिर सूचना की तस्दीक हेतु सउनि चेनसिंह मय फोर्स एवं शासकीय वाहन से रवाना होकर कुचडोद रोड बालाजी टकरी पहुंचा। जहां शासकीय वाहन को साइड में खड़ा कर हमराही फोर्स छिपकर देखते थोड़ी देर बाद कुचडोद की तरफ से एक सिल्वर रंग की कार आती दिखी जिसे रोकने के लिये घेराबंदी की संदिग्ध वाहन चालक 200 फिट दूर गाडी रोककर गाडी उतर कर भाग गया जिसके पिछे जब्त कर्ता चेनसिंह व हमराही फोर्स द्वारा पीछा किया, वाहन चालक फसलो की आड़ में पूर्व दिशा की ओर भाग गया। संदिग्ध वाहन मुखबिर के बताये हूलिये का था। तत्पश्चात् उक्त वाहन की तलाशी लेने पर प्लास्टिक के कट्टो में कुल 120 किलोग्राम डोडाचूरा भरा होना पाया गया। दौरान गिरफ्तार आरोपी शिवराम से जप्तशुदा मादक पदार्थ डोडाचुरा के संबंध में पुछताछ करते आरोपी शिवराम द्वारा जब्तशुदा वाहन मे मादक पदार्थ डोडाचुरा लाकर राजस्थान बेचने जाना बताया गया।



## अपने प्रशंसकों को दिल से चाहने वाले अभिनेता थे धर्मेन्द्र

**मंदसौर।** बरसों पहले मैं अपने परिवार व दोस्तों के परिवार के साथ उनकी फ़िल्म हमला की शूटिंग पर गया हुआ था। बड़ी आत्मीयता के साथ उन्होंने हमसे बातचीत की व फोटो खिंचवाया।

फर्श से अर्श तक की यात्रा में घमंड उनको छू नहीं पाया। पंजाब के एक छोटे से गांव से निकला हुआ आदमी इतनी बुलंदियों तक पहुँच जाएगा यह उन्होंने सोचा भी न होगा?

धर्मेन्द्र का शुरुआती जीवन बहुत संघर्षमय रहा। उनके शुरुआती दिनों में संघर्ष के उनके साथी अभिनेता मनोज कुमार थे। कहीं कोई काम नहीं मिला। जब पावबड़े वालों की उधारी 250रुपए हो गई थी तो उन्होंने पंजाब जाने का फैसला कर लिया। उस दुकानदार के पास एक स्लिप छोड़ी मनु मैं आज फ्रंटियर मेल से वापिस पंजाब जा रहा हूॅ। मनोज कुमार को वो मनु कहते थे। मनोज कुमार उस दुकान पर आए स्लीप पडी भागते हुए वो स्टेशन पर गये वहाँ पर धर्मेन्द्र जी मिल गए। वो बोले मुझे पन्द्रह रुपए रोज का काम मिल गया है पर अपन दोनों के लिए काफी है धरम जी को पहली फिल्म 'दिल भी तेरा हम भी तेरे' मिली जिसका साइनिंग अमाउंट उन्हें 51 रुपए मिला।

एक नजर | ऑपरेशन मुस्कान अभियान अंतर्गत छात्राओं को किया जागरूक

## महारानी स्कूल में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**मन्दसौर।** मध्य प्रदेश पुलिस व मजदूर कल्याण समिति जिला मंदसौर द्वारा ऑपरेशन मुस्कान अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम महारानी लक्ष्मीबाई सांदीपनी शासकीय उच्चतर कन्या महाविद्यालय मंदसौर किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा पाटीदार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेरसिंह बघेल, एसडीओपी श्रीमती कीर्ति बघेल मन्दसौर, नगर पुलिस अधीक्षक मंदसौर जितेंद्र भास्कर, शहर कोतवाली थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौड़, जिला प्रेस क्लब मंदसौर संरक्षक ब्रजेश जोशी, प्राचार्य के.सी. सोलंकी, जिला आरा मशीन संगठन मंदसौर इरशाद अली, मजदूर कल्याण समिति प्रदेश अध्यक्ष करण सिंह परिहार आदि उपस्थित रहे। प्रारंभ में अतिथियों ने मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर अतिथियों ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस अभियान का उद्देश्य बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा, आत्मरक्षा एवं आत्म-विश्वास को बल देना है। उन्होंने साइबर अपराध, बच्चों/बालिकाओं के साथ हो रहे दुर्व्यवहार, सुरक्षित व असुरक्षित संपर्क, 'गुड-टच / बैड-टच', अनजान लोगों से संपर्क न करने, सामाजिक मीडिया पर सावधानी, हेल्प-लाइन नंबरों व कानूनी सहायता के विषय में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही, सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और जागरूक नागरिक बनने के संदेश पर जोर दिया गया। अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल वर्तमान में बल्कि भविष्य में भी बालिकाओं व महिलाओं को सुरक्षित व सशक्त समाज की ओर प्रेरणा मिलेगी।

कार्यक्रम में मजदूर कल्याण समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष गोवर्धनलाल हाडा, प्रदेश महामंत्री बापू लाल गुर्जर, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा चौहान, प्रदेश संगठन मंत्री रमेश अहिरवार, प्रदेश मंत्री, श्रीमती रामकन्या मालवीय, मीडिया प्रभारी रोहित जातीय, जिलाध्यक्ष कमल नयन गुप्ता सहित टीचर्स, छात्राएं उपस्थित होकर जनजागरूक किया गया।